**जानलेवा हमला करने के आरोप में तीन गिरफ्तार**

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज: गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 38-ए स्थित जीआईपी मॉल में करीब तीन महीने पहले एक व्यक्ति पर कथित जानलेवा हमला करने के आरोप में बृहस्पतिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। नोएडा सेक्टर-39 थाना के थानाध्यक्ष राजीव बालियान ने बताया कि वर्ष 2021 के नवंबर माह में जीआईपी मॉल में स्थित एक रेस्तरां में खाना खाने आए आलोक कुमार के ऊपर अंकुश शर्मा, सनी तथा अनिल आदि ने कथित तौर पर जान से मारने के इरादे से कार चढ़ा दी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज अंकुश शर्मा, सनी तथा अनील को गिरफ्तार कर लिया है।



### चुनावी पांच राज्यों में मतदाताओं से हरियाणा के गृह मंत्री का आह्वान

# 'कहीं गुंडावादी पार्टी, तो कहीं पर रेत माफिया, देश की तस्वीर व तकदीर बदलने का काम केवल भाजपा कर सकती हैं' : अनिल विज

» किसानों की बात मानते हुए प्रधानमंत्री ने तीन बिल रद्द किए

### कहा, सुरजेवाला जब भी मुंह खोलते हैं, तो गलत बाते ही खुलकर सामने आती हैं'



**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**
**चंडीगढ़/चन्द्र शेखर धरणी**

हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज ने देश के पांच राज्यों में चुनावों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मतदाताओं से आह्वान किया है कि ÷देश की तस्वीर व तकदीर यदि बदलनी है तो, यह काम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है÷। उन्होंने कहा कि ÷देश ने बाकी सभी पार्टियों का राज देख लिया है, कहीं गुंडावादी पार्टी है तो कहीं पर रेत-माफिया सक्रिय हैं÷। गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला पर भी चुटकी लेते हुए कहा कि ÷वह जब भी मुंह खोलते हैं तो उसमें से गलत बाते ही खुलकर निकलती हैं÷। मंत्री विज ने कहा कि ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की मांग को मानते हुए एकदम से तीन बिल रद्द कर दिए, मगर पूर्व में कांग्रेस सरकार के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संपूर्ण क्रांति आंदोलन के वक्त मांगे मानने के बजाए देश में आपातकाल तक लगा दिया था÷।

**सभी को साथ लेकर व सबका उत्थान करने वाली पार्टी भाजपा**

पांच राज्यों में होने वाले चुनावों को लेकर गृह मंत्री ने कहा कि ÷वह मतदाताओं से आग्रह करते हैं कि देश की तस्वीर व तकदीर बदलनी है तो यह काम केवल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व भाजपा कर सकती है, बाकी पार्टियों का राज जनता ने देख लिया है÷। उन्होंने बताया कि ÷कहीं पर गुंडावादी पार्टी है, कहीं पर रेत माफिया है तो कहीं पर भाई-भतीजावाद है, इन सारी चीजों से मुक्त और सभी को साथ लेकर एवं सबका उत्थान करने वाली यदि कोई पार्टी है तो वह केवल भारतीय जनता पार्टी है।

कांग्रेस नेता सुरजेवाला के गैस, डीजल व पेट्रोल के दाम बढ़ाने के ट्वीट पर गृह मंत्री अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ÷सुरजेवाला के मुंह से कभी भी कोई अच्छी बात नहीं निकलती है, पता नहीं जब वह पैदा हुए थे कि उन्हें गुढती किसने दी थी, सुरजेवाला जब भी मुंह खोलते हैं तो उसमें से गलत बाते ही खुलकर सामने आती हैं÷।

**विपक्ष की कोशिश हर मौके पर आग लगाने की, मगर लोग समझदार**

श्री अनिल विज ने कहा कि विपक्ष हमेशा यही कोशिश करता है कि हर मौके पर देश में आग लगा दी जाए, मगर लोग समझदार है और लोग इनकी बातों में नहीं आने वाले है। श्री विज ने कहा कि ÷यह पहली बार हुआ है कि किसी प्रधानमंत्री ने किसानों की मांगों को मानते हुए एकदम से तीन बिलों को रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि ÷आंदोलन पहले भी होते रहे हैं, कांग्रेस के कार्यकाल में इंदिरा गांधी जब प्रधानमंत्री थी उनके समय में संपूर्ण क्रांति का आंदोलन हुआ था, तब इंदिरा गांधी ने लोगों की मांग मानने के बजाए देश में आपातकाल लगा दिया था और सारे नेताओं को पकड़कर जेल में डाल दिया था। अब किसानों का आंदोलन हुआ है, प्रधानमंत्री जी ने उनकी बात को मान लिया है और जो केस भी दर्ज थे, वह सारे केसों को खत्म तक कर दिया है।

## अजय चौटाला के मार्गदर्शन में जल्द पड़ोसी राज्यों में जेजेपी के संगठन का खाका खींच जाएगा : रणधीर सिंह

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**
**चंडीगढ़/चन्द्र शेखर धरणी**

जेजेपी के सुप्रीमो डॉक्टर अजय सिंह चौटाला की जेल से रिहाई के बाद जेजेपी कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी ऊंचा है। बीजेपी के कार्यालय सचिव तथा वरिष्ठ नेता रणधीर सिंह ने कहां की डॉक्टर अजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में जेजेपी ने 10 माह के अंदर 10 विधानसभा सीटें जीती थी। उन्होंने कहा डॉक्टर अजय सिंह चौटाला पर अब कोई पाबंदी राजनीतिक रूप से भाषण देने पर कहीं भी नहीं रहेगी अब जेजेपी संगठन और अधिक मजबूती से हरियाणा में तो खड़ा होगा ही साथ ही पड़ोसी राज्य पंजाब राजस्थान उत्तर प्रदेश हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों में मजबूत जेजेपी संगठन नजर आएगा। रणधीर सिंह ने कहा कि 13 मार्च को अजय सिंह चौटाला का जन्मदिन है उस दिन हरियाणा भर में जिला स्तर पर विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाएंगे तथा इस मौके पर लोगों की आवश्यकता के अनुसार संगठन कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि अतीत में भी डॉक्टर अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन अवसर पर विशाल ब्लड डोनेशन कैंप लगा करते थे अभी ऐसे ही कई सामाजिक परम्पराओं की शुरुआत की जाएगी।



रणधीर सिंह ने कहा कि जेजेपी संगठन को खड़ा करने में दुष्यंत चौटाला व दिग्विजय सिंह चौटाला दोनों भाइयों की जोड़ी ने जो अतुलनीय काम किया है अब डॉक्टर अजय सिंह चौटाला के खुलकर साथ चलने से हरियाणा में जे जे पी का एक मजबूत संगठन लोगों को आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अजय सिंह चौटाला की संगठन क्षमता का लोहा हरियाणा ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी सभी बड़े नेता व संगठन मानते हैं क्योंकि इन्होंने अतीत में युवा शक्ति को एक सूत्र में पिरो कर जिस प्रकार से संगठन खड़ा किया था वह सबके लिए प्रेरणादायक था।

## मानसिक तनाव के चलते व्यक्ति ने की आत्महत्या

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा फेस- वन थाना क्षेत्र के सेक्टर 16 में रहने वाले 35 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नोएडा फेस-वन थाना क्षेत्र के सेक्टर 16 स्थित जेजे कॉलोनी में रहने वाले जीतू ने कथित मानसिक तनाव के चलते बीती रात अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रवक्ता ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है, कि मृतक काफी दिनों से मानसिक तनाव में था। उन्होंने बताया कि वहीं एक दूसरी घटना में नोएडा सेक्टर-63 थाना क्षेत्र के बहलोलपुर गांव में रहने वाले अमित प्रसाद नामक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई जिसकी पुलिस जांच कर रही है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।



## नीरजा बाहरी कांग्रेस की जिला महिला अध्यक्ष नियुक्त

**पानीपत/राम मेहर कौशिक**

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला महिला अध्यक्ष कांग्रेस की कमान नीरजा बाहरी के हाथ में सौंपी। नीरजा बाहरी ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा व सुधा भारद्वाज के साथ सभी नेताओं का तहे दिल से धन्यवाद किया और कहा कि जो विश्वास उन्होंने मुझ पर जताया है मैं उस पर खरा उतरूंगी और अपने जिला में सभी महिलाओं को साथ चलती। नीरजा बाहरी ने कहा कि मौजूदा सरकार ने जो नारा दिया था बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ इस वादे को वह पूरा नहीं कर सके लेकिन हमारी सरकार उन्हीं के नारे को आगे लेकर चलेगी महिला की सुरक्षा व शहर का विकास ही सबसे पहले मुद्दा रहेगा केवल कांग्रेस पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सभी जातियों वह धर्मों को साथ लेकर चलती है और सभी के कल्याण के लिए कार्य करती है ।

## जजपा राष्ट्रीय महासचिव बृज शर्मा ने की पदाधिकारियों व कार्यकर्त्ताओं से चर्चा

**करनाल/आशुतोष गौतम**

जननायक जनता पार्टी ने नगर परिषद और नगरपालिका चुनावों के लिए वरिष्ठ नेताओं को जि मेवारियां सौंपी हैं। करनाल में असंध, निसिंग, तरावड़ी व घरौंडा नगरपालिका के चुनाव होने हैं। इसके लिए प्रभारी बनाए गए व्यापार सैल के अध्यक्ष सुरेश मित्तल व राष्ट्रीय महासचिव बृज शर्मा ने पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। चुनाव में जीत तय करने के लिए सुझाव मांगे गए। इस मौके पर सुरेश मित्तल ने कहा कि मजबूत और संघर्षशील प्रत्याशियों के नाम की एक लिस्ट बनाई जाएगी, जिसमें से बढ़िया व जिताऊ प्रत्याशियों का चयन किया जाना है। इन चुनावों में साफ व स्वच्छ छवि वाले ईमानदार व कर्मठ प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा। सुरेश मित्तल ने कहा कि विकास के दम पर जजपा निकाय चुनावों में जीत दर्ज करेगी। उपमु यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में हरियाणा का चहुंमु ी विकास हुआ है। सरकार हर वर्ग के



लिए काम कर रही है। राष्ट्रीय महासचिव बृज शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता चुनाव के लिए कमर कस लें। जजपा की जनहितेषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उपमु यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक जो योजनाएं तैयार की हैं और जिन्हें लागू भी कर दिया गया है उसका प्रचार करें। जिला प्रधान गुरदेव रंबा ने कहा कि सभी चुनाव में जजपा की जीत होगी। जनता सुशासन चाहती है, जोकि दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में मिल रहा है। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने मीटिंग में पहुंचे पदाधिकारियों का फूल मालाएं डालकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रधान गुरदेव रंबा, पूर्व विधायक रमेश खटक, जिला प्रवक्ता यशकरण राणा, व्यापार सैल जिला संयोजक सुभाष गुप्ता, धर्मवीर पाढा प्रदेश सचिव, चेयरमैन लोकल बॉडी शहरी हाकम सिंह, सतीश बल्हारा हलका प्रधान असन्ध, विनोद रायपुर हलका प्रधान नीलोखेड़ी, जगरूप संधु हलका प्रधान घरौंडा, अमनदीप चावला हलका प्रधान करनाल, नरेश राणा संयोजक पंचायती सेल, धर्मपाल रमण प्रधान सैनिक प्रकोष्ठ, सुरेंदर टाया प्रधान महासचिव, करतार सिंह ढिल्लो, बलबीर पाल हलका अध्यक्ष बीसी सेल नीलोखेड़ी, नीरज गुनियाना इनसो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, कुणाल चानना जिला कोर्डिनेटर आईटी सैल, धर्मवीर सिंह एडवोकेट जिला प्रधान लीगल सेल, चरण सिंह मलिक, मनदीप गोस्वामी व पवन धोलपुरा मौजूद रहे।

## एमएसएमए डायरेक्टर ने किया पानीपत का दौरा



**पानीपत/राम मेहर कौशिक**

यदि उद्योगपति सौ करोड़ की लागत का क्लस्टर बनाते है उस उसमें चालीस फीसद सहायता केंद्र सरकार का एमएसएमई विभाग देगा ये जानकारी करनाल से पानीपत के दौरे पर आये एमएसएमई डायरेक्ट से संजीव चावला ने सेक्टर 29 में दा पानीपत डायर्स असोसिएशन के कार्यलय में असोसिएशन के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कही । चावला ने बताया कि सरकार की सोच है कि उधोगों को कुशल श्रम मिले ।उन्होंने ने बताया उद्योग में आई थ्री मोटर लगाये ताकि ऊर्जा की बचत हो सके सरकार इसके लिए भी सब्सिडी देती है। असोसिएशन की ओर से प्रधान भीम राणा ने कहा कि पानीपत के उधोगों को कॉमन बॉयलर बहुत है । उन्होंने कहा यदि कॉमन बॉयलर नही लगा तो पानीपत के उधोगों का पलायन अवश्यम्भावी है।

पलायन रोकेने हेतु कॉमन बॉयलर स्तापित करने आवश्यक है। भीम राणा ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार 30 सितंबर 2022 तक जिन उधोगों में पी एन जी कनेक्शन है वे वो पूर्णतया पी एन जी पर शिफ्ट होने है।जंहा नही है वांहा बीओमास पर उधोग चलाये।इस से तीन गुना तक लागत बढ़ जाएगी ।फिर पानीपत के उधोग लुधियाना, अमृतसर, पाली व सूरत के उधोगों का मुकाबला नही कर पाए पानीपत के उधोग का पलायन मजबूरी हो जाएगी।इसलिये सरकार पलायन रोकेने हेतु कॉमन बॉयलर शीघ्र अति शीघ्र लगाए। चावला ने उनकी मांग को सरकार को रखने का आश्वासन दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## करनाल में कोरोना के 44 पोजिटिव केस मिले

**करनाल/आशुतोष गौतम** : डीसी अनीश यादव ने बताया कि वीरवार को जिला में कोरोना के 44 नये पॉजिटिव केस मिले हैं जबकि 53 व्यक्ति ठीक हुए हैं। उन्होंने सिविल सर्जन की रिपोर्ट अनुसार बताया कि जिले में अब तक 709208 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं। पिछले 24 घंटे में 1648 सैंपल लिए गए। जिले में अब तक 47940 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 47112 मरीज ठीक होकर घर चले गए। डीसी ने बताया कि जिले में वीरवार को कोरोना से संक्रमित 44 नये पॉजिटिव केस मिले हैं जबकि 2 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। जिला में अब तक 595 कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। जिला में कोरोना वायरस के 233 पॉजिटिव केस एक्टिव हैं। सिविल सर्जन ने कहा कि सभी नागरिक लॉकडाउन के नियमों का पालन करें तथा घर पर रहें तथा पैनिक न बनाएं।

## राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जीवीएम के बोटनी मॉडल को मिला द्वितीय स्थान

**सोनीपत/नफे सिंह सैनी** : पंडित नेकीराम राजकीय महाविद्यालय रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जीवीएम गर्ल्ज कालेज के बोटनी मॉडल को द्वितीय स्थान मिला है, जिसका आयोजन उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के तत्वावधान में 7-8 फरवरी को किया गया। प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। जीवीएम के विज्ञान संकाय की डीन एवं प्रदर्शनी की प्रमुख संयोजक डा. रश्मि जावा ने बताया कि पं. नेकीराम राजकीय महाविद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी में जीवीएम के दो मॉडल प्रदर्शित किये गये। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अव्वल रहने वाले मॉडल्स को राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। जीवीएम की ओर से कंप्यूटर साइंस तथा बोटनी के मॉडल प्रदर्शित किये गये। जीवीएम की बोटनी की छात्राओं बीएससी तृतीय वर्ष मेडिकल की रीना व बीएससी तृतीय वर्ष बायोटैक की अंजलि ने लिविंग लाइट्स- लाइट्स फोर लिविंग विषय पर मॉडल की बेहतरीन प्रस्तुति दी, जिसे प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार मिला। जबकि कंप्यूटर साइंस की बीएससी प्रथम वर्ष कंप्यूटर साइंस की छात्रा वंशिका व निधि ने फ्यूचर पैंडेमिक-डिजिटल सोल्यूशन विषय के तहत मॉडल को प्रदर्शित करते हुए प्रतिभागिता की। इस दौरान जीवीएम की बोटनी की टीम प्रभारी डा. रश्मि जावा व डा. अनीता सैनी तथा कंप्यूटर साइंस की टीम प्रभारी डा. सचिन ने भी विजेताओं को बधाई दी। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने समस्त बोटनी टीम व टीम प्रभारियों को बधाई देते हुए उनका स्वागत किया।

## बेटों व बेटियों को दे बराबरी का अधिकार : रमेश चंद्र

**सोनीपत/नफे सिंह सैन्नी** : मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (सीजेएम) एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चंद्र ने कहा कि एक शिक्षित समाज का दायित्व है कि वे बेटों व बेटियों को बराबरी का अधिकार दें। इसलिए हम सभी को बेटों व बेटियों में भेदभाव नहीं करना चाहिए। आज आप चारों तरफ देख रहें होंगे कि हर क्षेत्र में बेटियां बेटों से आगे जा रही है। इन सबका मुख्य कारण है कि ऐसी बेटियों के परिवार उनके साथ किसी भी भेदभाव नहीं करते। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण व ब्रेकथरू संस्था द्वारा गुरूवार को महिला सशक्तिकरण को लेकर एक दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग के दौरान जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चंद्र ने कहा कि समाज के इस भेदभाव को तभी खत्म किया जा सकता है जब हम सभी अपने घर से ही बेटी व बेटों के भेदभाव का त्याग करना पड़ेगा।

## इफको ने किया सहकारी कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**करनाल/आशुतोष गौतम**

इफको करनाल द्वारा जिला सहकारी बैंक करनाल में सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन कोआपरेटिव बैंक करनाल सुरेश पाल ने कहा कि जहां परम्परागत यूरिया जिसकी कीमत 266.50 रुपए प्रति थैला है जो किसान अदा करता हैं उसके अलावा उस पर भारी रकम की सब्सिडी होती है जो कि भारत सरकार द्वारा अदा की जाती है लेकिन नैनो यूरिया तरल बिना किसी अनुदान के परंपरागत यूरिया से 10 प्रतिशत सस्ता है जिसकी कीमत 240 रुपए प्रति 500 एमएल बोतल है तथा फसल में इसकी उपयौगिक दक्षता 85 से 90 प्रतिशत है जो परंपरागत यूरिया से अधिक कारगर है जिसकी उपयोगिक दक्षता केवल 25 प्रतिशत है बाकी 75 प्रतिशत भूमिगत



जल व वातावरण प्रदूषित करता है। कार्यक्रम में डा. दिनेश शर्मा ने सभी समिति सदस्यों को खाद की पीओएस मशीन बिक्री के बारे में बताया तथा उन्होंने सभी से नैनो यूरिया तरल के उपयोग हेतू किसानों को जागरूक करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में हरप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में नैनो यूरिया तरल का उपयोग किया है तथा इसके बहुत अच्छे परिणाम मिले है। कार्यक्रम में सुरेश पाल ने अपने संबोधन में सभी समितियों के प्रतिनिधियों को निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते हुए समिति को लाभप्रद इकाई बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में 65 से अधिक समिति प्रबंधक व बिक्री केन्द्र प्रभारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मंडल कृषि अधिकारी करनाल डा. दिनेश शर्मा ने की जबकि विशिष्ट अतिथि हरप्रीत सिंह जी, डायरेक्टर कोआपरेटिव बैंक, बलवान सिंह डायरेक्टर, कोआपरेटिव बैंक, विकास कुमार के तौर पर मौजूद रहें। इस अवसर पर समिति कर्मचारी यूनियन प्रधान कुलदीप राणा, डा. निरंजन सिंह क्षेत्र प्रबंधक, करनाल, विनय मणी इफको एमसीए, सुशील कुमार कृषि स्नातक प्रशिक्षु भी उपस्थित रहे।

## हितेश पाल्टा बने आम आदमी पार्टी के दक्षिण हरियाणा युवा उपाध्यक्ष

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**
**फरीदाबाद/मनोज तोमर**

आम आदमी पार्टी युवा के हरियाणा प्रभारी दीपक जैन ने युवा नेता हितेश पाल्टा को दक्षिण हरियाणा का युवा उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति को लेकर उन्होंने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा सह प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता युवा प्रभारी दीपक जैन, दक्षिण हरियाणा के युवा अध्यक्ष धीरज यादव, जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना, जिला सचिव भीम यादव, संगठन मंत्री विनोद भाटी एवं युवा जिला अध्यक्ष राहुल बैसला का धन्यवाद व्यक्त किया। उनकी नियुक्ति पर आम आदमी पाटी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने हितेश पाल्टा को बधाई दी और कहा कि मैं उम्मीद करता हूं पाल्टा जी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे और



अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को जोडकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे। हरियाणा के युवा प्रभारी दीपक जैन ने हितेश पाल्टा को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि हितेश युवा साथी है और मुझे उम्मीद है, वह पार्टी में नई ऊर्जा एवं संचार पैदा करेंगे। आने वाला समय युवाओं का है और हितेश पाल्टा जैसे युवा आगे बढकर पार्टी की नींव मजबूत करने का काम करेंगे। हितेश पाल्टा ने इस अवसर पर सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने उनको जो मान और सम्मान दिया है, वह कभी भूलेंगे। जो जिम्मेदारी मिली है, उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। जल्द ही पूरे दक्षिण हरियाणा में युवाओं की एक मजबूत टीम खड़ी करेंगे जो हर क्षेत्र में आम आदमी पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं से लोगों को अवगत कराने का काम करेंगे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला सचिव एवं प्रवासी नेता भीम यादव ने हितेश् पाल्टा को मजबूती से कार्य करने का आशीर्वाद दिया और कहा कि आने वाला समय युवाओं का है। फरीदाबाद नगर निगम चुनावों में युवाओं की भागीदारी अहम होगी।

## ससुर की हत्या करवाने वाली पुत्रवधू के सहयोगी गिरफ्तार

### प्रॉपर्टी हथियाने के लिए पुत्रवधू ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी ससुर की हत्या

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**फरीदाबाद/मनोज तोमर** : 20 दिन पहले बल्लभगढ़ न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में गोली मारकर भरत सिंह नामक युवक की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में शामिल आरोपित पुत्रवधू सहित तीनों आरोपियों को गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। हालांकि पुत्रवधू गीता को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि इस मामले में शामिल दो आरोपियों पंजाब निवासी दलीप उर्फ सैंडी उर्फ काली को 4 फरवरी को गिरफ्तार करके पुलिस रिमांड पर लिया जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान उसने मामले में शामिल तीसरे आरोपी बिहार निवासी अमित उर्फ चंचल उर्फ भंगारी के बारे में क्राइम ब्रांच को सूचना दी जिसके आधार पर गुरुवार को उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी बल्लभगढ़ में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपित महिला गीता ने अपने प्रेमी दलीप और उसके साथी अमित के साथ मिलकर अपने ससुर भरत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के पीछे का कारण प्रॉपर्टी विवाद था। मृतक भरत सिंह आरोपित महिला गीता के पति विनोद का सौतेला बाप था। भरत सिंह का बेटा सूरज



पिछले साल ट्रेन दुर्घटना में जान कहां बैठा था उसके पश्चात उनकी पुत्रवधू सूरज की पत्नी अपने मायके चली गई, इधर विनोद की पत्नी गीता ससुर पर सारी प्रॉपर्टी अपने नाम करने के लिए दबाव डाल रही थी । सारी जायदाद महिला के ससुर भरत सिंह के नाम है। गीता अपने ससुर भरत सिंह पर प्रॉपर्टी अपने नाम करवाने पर दबाव बना रही थी परंतु मृतक भरत सिहं द्वारा बार-बार इंकार करने पर पुत्रवधू ने अपने ससुर हो जान से मारने की योजना बनाई। योजना के तहत वारदात की रात गीता ने दलीप को अपने घर बुलाया। दिलीप अपने साथी अमित के साथ गीता के घर पहुंचा। आरोपी दिलीप घर के अंदर चला गया वहीं आरोपी अमित घर के बाहर खड़ा होकर निगरानी करने लगा। गीता ने अपने प्रेमी दिलीप के साथ मिलकर गोली मारकर अपने ससुर की हत्या कर दी थी और वहां से प्रॉपर्टी के कागजात मोबाइल फोन तथा जेवरात लेकर फरार हो गए थे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में आरोपी महिला के साथ उसका प्रेमी दलीप और अन्य साथी वारदात को अंजाम देने के पश्चात गिरफ्तारी से बचने के लिए जगह बदल बदल कर फरारी काट रहे थे। आरोपी दलीप गीता को करीब 6-7 साल से जानता था। लूट, चोरी तथा लड़ाई झगड़े की धाराओं के तहत आरोपी दलीप के खिलाफ गुरुग्राम में 12 तथा आरोपी अमित के खिलाफ दिल्ली में 13 मुकदमे दर्ज है और वह जेल में भी सजा काट चुके है। इनसे पहले के मुकदमों में गीता ने ही दलीप की जमानत करवाई थी। आरोपित गीता ने कट्टा लाने के लिए अपने प्रेमी को 4000 रुपए दिए और उसी ने गीता को 2 कारतूस, देसी कट्टा तथा नींद की गोलियां लाकर दी थी।

ICICI Home Finance

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्प्लैक्स, प्लॉट नं. 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010

**( नियम 8 ( 6 ) का परंतुक देखें )**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना**

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रेडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा फिजीकल कब्जा **'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है'** और **'जो भी है वहां है'** के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

| क्र. | ऋणदाता(ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं. | सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ परिचित बाधा यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि | जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | मोहम्मद सामी (ऋणदाता) नगमा बानो (सह-ऋणदाता) खाता संख्या नं. LHNOD00000791030/ NHNOD0000736487 | 710 एवं 711 7वीं मंजिल रेविका टॉवर प्लॉट नं. 4 ए एवं बी चंदर नगर गाजियाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201010 | रु. 46,39,098/- (जैसे फरवरी 9, 2022 को) | रु. 52,65,000/- रु. 5,26,500/- | 10 मार्च 2022 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक | 14 मार्च 2022 को सायं 2.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन टाइगर की वेबसाइट (**यूआरएल लिंक- https://sarfaesi.auctiontiger.net/EPROC**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **11 मार्च 2022 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्प्लैक्स, प्लॉट नं. 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **11 मार्च 2022 सांय 5:00 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्प्लैक्स, प्लॉट नं. 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010** में **11 मार्च, 2022 को सायं 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है।** बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक मे **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **गाजियाबाद** में देय होना चाहिए।

निविदाओं के भेजने या नीलामी की नियमों और शर्तों की जांच के संबंध में किसी अगले स्पष्टीकरण के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** या **9819881654** पर संपर्क कर सकते हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: फरवरी 11, 2022
स्थान: गाजियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड